**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 05.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने नाविकों और समुद्री विशेषज्ञों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि एक सशक्त समुद्री भारत का निर्माण बहुत जरूरी है।
2. पर्यटकों की सुविधाओं के लिए सांसद बिष्णु पद रे ने ऐतिहासिक सेल्यूलर जेल में लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां लगाने की मांग की।
3. राजधानी श्री विजयपुरम में जनगणना दो हजार सत्ताईस के लिए द्वीपसमूह में स्व–गणना जागरूकता अभियान शुरू हुआ।
4. मध्योत्तर अंडमान पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तालबगान में गांजे की फसल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>

तिरसठवें राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने सभी नाविकों, समुद्री पेशेवरों और इस क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उप–राज्यपाल ने अपने संदेश में इस वर्ष की थीम ''समुद्री भारत – प्रगति को सशक्त बनाना'' को देश के समग्र विकास, व्यापारिक संपर्कों को मजबूत करने और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने में समुद्री क्षेत्र की अहम भूमिका का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण भारत के समुद्री परिदृश्य में रणनीतिक महत्व रखता है और ब्लू इकोनॉमी, सतत विकास तथा समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। समुद्री क्षेत्र लंबे समय से व्यापार और वाणिज्य की रीढ़ रहा है और आधुनिक तकनीक, बुनियादी ढांचे तथा पर्यावरणीय संतुलन पर बढ़ते ध्यान के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है। भारत का वैश्विक समुद्री केंद्र के रूप में उभरना भी उत्साहजनक है। उपराज्यपाल ने सभी हितधारकों से अपील की कि वे नवाचार, समुद्री क्षमताओं के विकास और नाविकों की सुरक्षा व कल्याण के लिए मिलकर कार्य करें, ताकि एक सशक्त और टिकाऊ समुद्री भारत का निर्माण हो सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने ऐतिहासिक सेल्युलर जेल में लिफ्ट, एस्केलेटर सुविधा स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि तीन मंजिला इस राष्ट्रीय स्मारक की विभिन्न विंग्स में आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जाएं, ताकि सभी पर्यटकों के लिए पहुंच आसान हो सके। सांसद ने बताया कि उनके आधिकारिक दौरों के दौरान पर्यटकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों और दिव्यांगजनों ने स्मारक में पहुंच संबंधी समस्याओं को लेकर चिंता जताई है। वर्तमान में लिफ्ट या एस्केलेटर की व्यवस्था नहीं होने के कारण ऊपरी मंजिलों तक पहुंचना उनके लिए कठिन हो जाता है।पर्यटकों के अनुसार, जेल की ऊपरी मंजिलों से समुद्र का सुंदर दृश्य दिखाई देता है, जो भ्रमण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन शारीरिक असुविधा के कारण कई लोग इस अनुभव से वंचित रह जाते हैं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सांसद ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जेल की विंग्स में उपयुक्त स्थानों पर शीघ्र लिफ्ट या एस्केलेटर लगाए जाएं। उनका मानना है कि इससे न केवल पहुंच सुगम होगी, बल्कि यह ऐतिहासिक स्थल अधिक समावेशी और पर्यटक–अनुकूल भी बनेगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की टीम ने इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता दो हजार पच्चीस–छब्बीस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वीपसमूह का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता उनतीस मार्च से दो अप्रैल तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट सहित विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई। द्वीपसमूह से तेरह प्रतिभागियों की टीम ने आठ विभिन्न कौशल श्रेणियों में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। प्लास्टरिंग एवं ड्रायवॉल सिस्टम में कुमार राज बिस्वास ने रजत पदक, जबकि इंटेलिजेंट सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी में कुमार चयान मृधा ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा कारपेंट्री में कुमार शुभम परमान्य तथा इंटेलिजेंट सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी में कुमार मोहम्मद जाहिद को मेडलियन फॉर एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया।रजत और कांस्य पदक विजेताओं को अब राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मार्गदर्शन में उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का चयन वर्ल्ड स्किल्स शंघाई दो हजार छब्बीस में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। टीम का समन्वय आईटीआई डॉलीगंज द्वारा किया गया।

<><><><><><><>

जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत स्व–गणना को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान शुरू कर दिए गए हैं। पहले चरण, यानी हाउस लिस्टिंग एवं आवास जनगणना के अंतर्गत अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में पहली अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इस अभियान में बच्चों

की भागीदारी उत्साहजनक रही है, जो जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राजधानी श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग–भराई गतिविधियों के माध्यम से जनगणना दो हजार सत्ताईस की डिजिटल पहल में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। यह पहल आम नागरिकों को स्व–गणना के लिए प्रेरित करने के साथ–साथ नई पीढ़ी में भी जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले में पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अप्रैल को एसपी विकास स्वामी के निर्देशन में बड़ी सफलता हासिल की। थाना कालीघाट की पुलिस टीम ने तलाबगान क्षेत्र में एक घर के पास अवैध रूप से उगाई जा रही गांजा की फसल बरामद की गई। इसमें जीवित और उखाड़े गए पौधों के साथ–साथ गांजे के फूलों से भरा एक पैकेट भी शामिल है। सभी जब्त सामग्री को विधिक प्रक्रिया के तहत ज़ब्त कर लिया गया। इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर परीक्षा टियर–II का आयोजन दस अप्रैल को किया जाएगा। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए ई–एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से तीन–चार दिन पहले आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अभ्यर्थी SSC Official Website तथा SSC ER Website के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ने आगामी आइलैंड फूड फेस्टिवल दो हजार छब्बीस में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह फेस्टिवल सत्रह अप्रैल से उन्नीस अप्रैल तक आईटीएफ ग्राउंड में आयोजित होगा और इसमें स्थानीय, क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय व्यंजनों की प्रदर्शनी होगी। खाद्य विक्रेता, राज्य संघ, स्वयं सहायता समूह, होटल और रेस्टोरेंट संचालक, केटरिंग संस्थान और गृहिणियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक प्रतिभागी, जो गुणवत्ता, स्वच्छता और रचनात्मकता पर ध्यान देते हैं, आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

गुजरात में आयोजित अस्मिता नेशनल पेनकैक सिलाट लीग दो हजार छब्बीस में द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छः पदक हासिल किए। प्रतियोगिता इक्कतीस मार्च से पहली अप्रैल के बीच आयोजित हुई। टीम ने कुल एक स्वर्ण और पांच कांस्य पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक पी. धनिस्ता ने जीता, जबकि दृष्टि सिंह, सुदिक्षा दास, एंजल अलेटा, त्रिशा सुनील और त्रिशा देवी ने कांस्य पदक हासिल कर द्वीपसमूह का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने टैंडिंग और रेगु स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष एम.एस. मुरुगन ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों, कोच और पूरी टीम को बधाई दी।

**<><><><><><><>**